# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–07.08.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए जारी की अधिसूचना, 21 अगस्त तक भरे जा सकेंगे नामांकन, 9 सितंबर को होगा मतदान।
- 11वें राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने रांची के डोरंडा कॉलेज में कार्यक्रम को किया संबोधित, कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोकल फॉर लोकल और हैंडलूम फॉर होम के जरिए दिलाई वैश्विक पहचान।
- रांची में सांसद कला महोत्सव के तहत ऑपरेशल सिंदूर के थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता का होगा आयोजन, आठवीं से बारहवीं कक्षा तक के बच्चे बन सकते हैं प्रतिभागी।
- ईडी ने 750 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले में रांची, जमशेदपुर और धनबाद समेत 12 ठिकानों पर की छापेमारी, फर्जी बिल और शेल कंपनियों के जरिये जांच जारी।
- और
- मौसम विभाग ने कल राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में तेज़ हवा और वज्रपात की जताई संभावना, लोगों से सतर्क रहने की अपील।

******************

निर्वाचन आयोग ने आज उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अधिसूचना जारी कर दी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन 21 अगस्त तक दाखिल किए जा सकते हैं और मतदान 9 सितंबर को होंगे।

******************

देश आज भारत की समृद्ध हथकरघा विरासत को संरक्षित करने के लिए 11वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मना रहा है। सात अगस्त 1905 को शुरू हुए ऐतिहासिक स्वदेशी आंदोलन की भावना को आगे बढाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के डोरंडा महाविद्यालय में आयोजित 11वें राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह कला हमारी सभ्यता, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वॉकल फॉर लोकल और हैंडलूम फॉर होम के जरिए इस क्षेत्र को दुनिया मे एक नई पहचान दी है।

******************

राज्यपाल संतोष गंगवार ने आज रामगढ़ के नेमरा गांव में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के अंतिम कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें झारखंड निर्माण में अहम योगदान देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन को लोग कभी भूल नहीं सकते और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सही दिशा में काम कर रहे हैं।

******************

रांची में 28 अगस्त से 3 सितंबर तक सांसद कला महोत्सव के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसका थीम "ऑपरेशन सिंदूर" और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन होगा। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि यह प्रतियोगिता प्रत्येक स्कूल से आठवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच होगी और प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री के चित्र और ऑपरेशन सिंदूर के लोगो वाला प्रशस्ति पत्र एवं शुभकामना संदेश प्रदान किया जाएगा। साथ ही चयनित बेहतर चित्रों का प्रधानमंत्री मोदी के पास भेजा जाएगा।

******************

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 750 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले में आज रांची, जमशेदपुर और धनबाद सहित 12 ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी की टीम फर्जी बिलों के माध्यम से आईटीसी का अनुचित लाभ उठाकर सरकार को नुकसान पहुंचाने के आरोपों की जांच कर रही है। देवड़ा गिरोह द्वारा बनाई गई शेल कंपनियों के माध्यम से घोटाले को अंजाम दिया गया था, जिनमें से कई कंपनियों का जीएसटी रजिस्ट्रेशन निलंबित या रद्द किया जा चुका है। इससे पहले ईडी ने कोलकाता और जमशेदपुर से चार आरोपियों को गिरफ़्तार किया था।

******************

सरायकेला प्रखंड के मुरूप स्थित अर्जुन पुस्तकालय में राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड, जमशेदपुर के तहत दो दिवसीय श्रमिक जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक राज किशोर गोप ने आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट (आभा) की जानकारी दी और श्रमिकों को डिजिटल हेल्थ सेवाओं से जोड़ने का आग्रह किया। इस अवसर पर कुल 75 श्रमिकों का आभा कार्ड बनाया गया।

******************

राज्य के स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने गिरिडीह सदर अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया और अस्पताल को नया भवन देने की घोषणा की। उन्होंने कैशलेश सुविधा को लागू करने, सीटी स्कैन जैसी जरूरी मशीनों की खरीद की स्वीकृति और खराब गाड़ियों की नीलामी का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार के पास संसाधनों की कमी नहीं है और जरूरत के अनुसार पूरी सहायता दी जाएगी।

******************

हजारीबाग में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 से 25 अगस्त तक सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा, जिसमें लगभग 19 लाख 70 हजार लोगों को दवा दी जाएगी। इस के तहत एक मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ.अशोक कुमार ने बताया फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अभियान को सफल बनाने के लिए ब्लॉक स्तर पर दो सदस्यीय टीमें गठित की गई हैं।

इधर सरायकेला—खरसावां जिले में भी 10 से 25 अगस्त तक वेक्टर जनित रोग नियंत्रण के तहत एमडीए—आईडीए अभियान चलाया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की सहियाएं मुख्य भूमिका में होंगी। सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह ने बताया कि विभिन्न क्लस्टरों के लिए कुल 190 स्वास्थ्य कर्मियों को अभियान के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

******************

खूंटी में आयोजित संपूर्णता सम्मान समारोह में कर्रा प्रखंड को नीति आयोग के छह मापदंडों पर उत्कृष्ट कार्य के लिए कांस्य पदक और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। समारोह में बीडीओ स्मिता नगेसिया के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले फ्रंटलाइन कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। जिला योजना पदाधिकारी कुंदन कुमार ने इसे खूंटी जिले के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

******************

रामगढ़ जिले में एकल प्रयोग प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से रामगढ़ में एक पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता—

******************

राजधानी रांची समेत आसपास के कई इलाकों में शाम से तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने राज्य में 14 अगस्त तक हल्के से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी वर्षा, तेज़ हवा और वज्रपात की संभावना जताई गई है। साथ ही कल उत्तर—पूर्वी भागों में कहीं—कहीं पर भारी वर्षा और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाओं के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

******समाप्त*******